>

Title: Need to expedite and facilitate hassle-free payment of Post Office Recurring Deposits on maturity to customers in Gwalior district, Madhya Pradesh.

श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया (ग्वालियर): ग्वालियर जिले के पोस्ट ऑफिसों में विगत तीन माह में लगभग 20 हजार से अधिक (आर.डी.) खाता धारकों के खाता परिपक्व हुए हैं। इन्हें 20 करोड़ रूपये से अधिक का भुगतान किया जाना है। जिन खाता धारकों के खाते परिपक्व हो गए हैं उन पर पोस्ट ऑफिस में खाता खुलवाकर भुगतान प्राप्त करने हेतु कहा जा रहा है, जो खाता धारक बचत खाता नहीं खुलवा रहे हैं, उन्हें ऐसे चैक दिए जा रहे हैं, जिन्हें बैंक स्वीकार नहीं कर रहा है।

इस संबंध में जानकारी लेने पर ज्ञात हुआ है कि पोस्ट ऑफिसों में जो चैकबुक आई है, उनके नंबर रिपीट होने के कारण इन चैकों का भुगतान बैंक नहीं कर रहा है। जब नई सीरिज के चैक नासिक से प्राप्त होंगे तब वे चैक संबंधित को प्रदान किए जाएंगे। परंतु इसमें अधिक समय लगने की उम्मीद है।

खाता धारकों को उनके द्वारा जमा की गई राशि का भुगतान प्राथमिकता पर कराए जाने हेतु सरकार से अनुरोध है।